## महत्वपूर्ण एवं खास

### आदिवासी महिला के जमीन खरीदने वाले मामले पर सीएम सचिवालय ने लिया संज्ञान

### कलेक्टर ने भू-राजस्व की धारा 170 ख के तहत प्रकरण दर्ज करने के दिए निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आदिवासी महिला श्रीमती राधा बाई उरांव की जमीन खरीदने वाले मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय ने संज्ञान लिया है। सीएम सचिवालय ने उर्दना निवासी श्रीमती राधा बाई उरांव के हितों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने भू-राजस्व संहिता की धारा 170 ख में प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम को दिए है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एसडीएम को समस्त बिंदुओं की तत्काल जांच करने के निर्देश दिए, ताकि आदिवासी महिला श्रीमती राधाबाई उरांव को न्याय मिल सके।

### मतगणना कार्य हेतु द्वितीय प्रशिक्षण 20 को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन 20 मई को सृजन सभाकक्ष रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। जिसमें गणना पर्यवेक्षक हेतु 10.30 से दोपहर 12 बजे तक, गणना सहायक हेतु दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मास्टर ट्रेनर हेतु अपरान्ह 3 बजे से शाम 4.30 बजे तक एवं माईक्रो आब्जर्वर के लिए शाम 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। पूर्व में जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा अपना पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ जमा नहीं किए है वे इस प्रशिक्षण में दो नग पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ साथ में अवश्य लेकर आना सुनिश्चित करें।

### परियोजना अधिकारी जसिन्ता टोप्पो निलंबित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी लैलूंगा श्रीमती जसिन्ता टोप्पो को अपने पदीय दायित्वों के विपरीत कार्य करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं, मिनी कार्यकर्ताओं की गलत नियुक्तियां कराए जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्रीमती जसिन्ता टोप्पो को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ में पदस्थ किया गया है तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### एफसीआई गोदाम में लगी आग

### लाखों का चावल बोरा जलने का अनुमान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ के एफसीआई गोदाम में आग लगने की खबर है। मिली जानकारी के बाईपास रोड में स्थित एफसीआई गोदाम में आज सुबह अचानक आग लग गई। आनन फानन में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई जिसे घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एफसीआई गोदाम में आग लगने की खबर किसी को कानोकान नही लगने दी गई। मामले की खबर छन कर बाहर तब आई जब गोदाम में आग लगने और इससे चावल जल जाने की प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराने एफसीआई के कर्मचारी जुट मिल थाना पहुंचे। मामले की जानकारी लगने पर जब इसकी पुष्टि के लिए जुट मिल थाना प्रभारी से सम्पर्क किया गया तब उन्होंने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हां आग लगने की सूचना थाने में दी गई है। आपको बता दे कि एफसीआई के गोदाम नम्बर 2 में आग लगी और इससे बताया जा रहा है कि लाखों के चावल आग की चपेट में आ गई है।

# रात में तेंदुपत्ता फड़ में पहुंचा हाथी दल

## हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है। हांलाकि हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हर रात हाथी किसी न किसी गांव के करीब पहुंच कर फसल को नुकसान कर रहे हैं। वहीं बीती रात हाथियों का एक झुंड बरतापाली समिति के सामरसिंघा तेंदुपत्ता फड़ में पहुंच गया और यहां फड़ में मौजूद तेंदुपत्ता के बोरे को अपने सुंड में उठा कर फेंकने व भारी भरकम पैरों से फुटबॉल की तरह खेलने लगे और कई बोरों को फाड़ कर हाथी वापस जंगल की ओर निकल गए। सुबह मामले की जानकारी वन अमला को होने के बाद नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

धरमजयगढ़ वन मंडल में करीब पचास से अधिक हाथी विचरण कर रहे हैं। इसमें सबसे अधिक छाल रेंज में हाथियों का झुंड मौजूद है। इसके अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में भी हाथियों का दल विचरण कर रहा है। ऐसे में बीती रात हाथियों का झुंड बरतापाली समिति के सामरसिंघा तेंदुपत्ता फड़ में पहुंचा और यहां तेंदुपत्ता के बोरों के साथ हाथियों का दल खेलने लगा। रात के दौरान हाथियों ने यहां तेंदुपत्ता बोरों को फुटबॉल की तरह खेला। कई बोरों को पटक पटका कर फाड़ भी दिया। रात के दौरान हाथियों के चिघांड़ने की आवाज भी सूनी जा रही थी। सुबह जब ग्रामीण यहां पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि हाथियों के द्वारा तेंदुपत्ता बोरे को काफी मात्रा में फाड़ दिया है। इसके बाद मामले की जानकारी ग्रामीणों ने वन अमला को दी गई। जहां वन अमला के दौरान नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि तेंदुपत्ता फड़ में खरीदी के बाद उनका बीमा भी होता है और अब आगे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों का यह भी कहना है कि रात का समय होने के कारण हाथियों की संख्या पता नहीं चल सकी।

### 18 का झुंड कर रहा विचरण

धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर डीपी डनसेना ने बताया कि यहां 18 का एक झुंड विचरण कर रहा है और अन्य जंगलों में भी हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों को कई तरह की समझाईश भी दी जा रही है। रात में पता नहीं चल सका कि कितने हाथी तेंदुपत्ता फड़ में पहुंचे थे। हांलाकि हाथियों पर भी निगरानी रखी जा रही है कि वह किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचा सके।

### क्या कहते हैं डीएफओ

इस संबंध में धरमजयगढ़ डीएफओ प्रणय मिश्रा का कहना था कि तेंदुपत्ता फड़ में हाथी पहुंचे थे। यहां उन्होंने तेंदुपत्ता के बोरों के साथ खेला और पटक कर उसे फाड़ भी दिया है। हांलाकि इसका बीमा है और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। हाथियों से बचाव के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## युवती से दुष्कर्म, आरोपी व उसके बहन पर जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना में आज 25 वर्षीय युवती द्वारा दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने बताया कि इसी माह उसका विवाह होना था कि 04 मई को सुशील चौहान पिता मोहनलाल चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी बड़े नवापारा सरिया इसको घर के बाहर आकर सिम ले जाने के लिए बोला, युवती के बाहर आने पर उसे अपनी बहन के सहयोग से मोटर साइकल में बिठाकर अपने घर बड़े नवापारा सरिया ले गया।

जहां युवती के इच्छा के विरुद्ध उसके साथ सुशील ने बलात्कार किया। उसके बाद आरोपी युवती को रायगढ़ , सरिया , सराईपाली, बरगढ ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। युवती 10 मई को अपने परिचित को सरिया में होने की जानकारी दी, जिस पर उसके परिचित व्यक्ति द्वारा युवती को सरिया से उसके घर पहुंचाया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, घरघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** करंट प्रभावित तार की चपेट में आने से एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मामले में पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन उक्त पंक्ति के लिखे जाने तक यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ सका है कि आखिर किस तरह करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में मृतक के परिजनों का सुरजपुर से आने के बाद पंचनामा व आगे की बयान की कार्रवाई शुरू करेगी।



इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंर्तगत आज दोपहर करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक का नाम सत्यानंद साहू है और वह सुरजपुर का रहने वाला है। घटना के बाद मामले की जानकारी घरघोड़ा पुलिस को दी गई। ऐसे में पुलिस पंचनामा व बयान के लिए अब मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। वहीं सूत्रों का कहना है कि युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है और इसकी जानकारी अभी कोई नहीं दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि मृतक सत्यानंद साहू किसी पवन अग्रवाल नामक व्यक्ति के घर के सामने कोयला लोड वाहन में पानी सिंचाई कर रहा था, तभी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया और मामले को छिपाने का प्रयास कुड़ुमकेला क्षेत्र के कोयला तस्कर के द्वारा किया जा रहा है।

## डेंगू की रोकथाम व बचाव के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.राज्य शासन द्वारा समस्त जिलों में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के निर्देशन में कल डेंगू विषय पर कार्यशाला तथा डेंगू के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी गई।



इस अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समस्त स्टॉफ एवं अधिकारियों को डेंगू बीमारी पर चर्चा किया गया एवं स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अन्तर्गत ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर में भी प्रचार्या श्रीमती कदम त्रिपाठी के अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी द्वारा ट्रेनिंग सेंटर के समस्त विद्यार्थी/छात्राओं को डेंगू विषय पर क्वीज प्रतियोगिता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को बताया गया कि डेंगू मच्छर एडीज एजीप्टि दिन के समय काटता है और संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ्य व्यक्ति को डेंगू वायरस पहॅुचाता है। फिर डेंगू के लक्षण दिखने लगते है जिसमें बुखार आना, सिर दर्द, हाथ पैर के जोडों में दर्द, आंखों के अन्दर दर्द होना, त्वचा में लाल चकते उभर आना और गंभीर अवस्था में मुंह और नाक से खून बहना प्रारंभ हो जाता है जो कि डेंगू हेमोरेजिक फीवर (डीएचएफ) कहा जाता है।








**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480